सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-1

सोमवार, तिथि $\frac{\text{06 चैत्र, 1939 (श0)}}{\text{27 मार्च, 2017 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 75**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | गृह विभाग | 50 |
| (2) | अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | 03 |
| (3) | वित्त विभाग | 11 |
| (4) | मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | 02 |
| (5) | सामान्य प्रशासन विभाग | 02 |
| (6) | वाणिज्य-कर विभाग | 01 |
| (7) | उद्योग. विभाग | 04 |
| (8) | गन्ना उद्योग विभाग | 02 |
| | कुल योग — | 75 |

आर्म्स लाईसेंस देना

'क'-*34. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मनोज यादव, श्रीमती शोशीला देवी, जिला परिषद्, सदस्या, बड़हरा पूर्वी सहित 50 जन-प्रतिनिधियों के शस्त्र लाईसेंस का आवेदन वर्ष 2013 से ही जिलाधिकारी, भोजपुर के पास लम्बित है, यदि हाँ, तो सरकार लंबित आवेदनों का निष्पादन कर कबतक आवेदकों को शस्त्र लाईसेंस निर्गत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

क्रेडिट कार्ड वितरण

'ख'-*1799. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर विधान-सभा के नबीनगर एवं बारून प्रखंड में किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण बैंकों द्वारा किया गया है जिसमें वर्ष 2014 एवं 2015 में लक्ष्य का 40 प्रतिशत ही वितरण किया गया है, यदि हाँ, तो लक्ष्य से कम क्रेडिट कार्ड वितरण का क्या औचित्य है ?

--------

जाम से मुक्ति

'ग'-*119. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद पथ जाम रहने के कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ को जाम से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

घेराबंदी पूर्ण कराना

*2549. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के परसौनीनाथ पंचायत के अंडौल कब्रिस्तान के अधूरा भाग एवं नरियार पंचायत के नरियार कोल्ड स्टोर के दक्षिण कब्रिस्तान के अधूरा भाग की घेराबन्दी नहीं हुई है, उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा पत्रांक 246/16, दिनांक 26 दिसम्बर, 2016 जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों कब्रिस्तान के अधूरे भाग की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-सदन द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2017 को स्थगित ।

'ख'-सदन द्वारा दिनांक 16 मार्च, 2017 को वित्त विभाग को स्था0 ।

'ग'-दिनांक 17 मार्च, 2017 को सदन में दिये गये नियमन के आलोक में गैर-सरकारी संकल्प सं0 119 को प्रश्न के रूप में परिवर्तित ।

छात्रावास का निर्माण

*2550. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सकरा प्रखंड में अल्पसंख्यक छात्रावास नहीं होने के कारण अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में अल्पसंख्यक छात्रावास का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अभिभावक को सौंपना

*2551. श्री नितिन नवीन--पटना से प्रकाशित दैनिक समाचार-पत्र में 16 फरवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''पटना से पिछले एक साल में 575 बच्चे लापता हुये एवं पटना से गायब हो रही लड़कियाँ'' के आलोक में क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पिछले एक वर्ष में पटना जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 575 बच्चे लापता हो गये हैं इसमें से अबतक 299 बच्चों का पता चल सका है, शेष 276 बच्चों का अभीतक पुलिस पता नहीं कर सकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह स्थिति सिर्फ लड़कों के लिये नहीं, है बल्कि समाचार-पत्रों में बड़ी संख्या में लड़कियों के गायब होने की खबर प्रकाशित हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गुमशुदा लड़के एवं लड़कियों को पता लगाकर उनके अभिभावक को सौंपना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2552. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड के बड़ा मेघपुर गाँव में कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं होने से असामाजिक तत्वों एवं अवारा पशुओं का आना-जाना लगा रहता है जिसके कारण अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थापित करना

*2553. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड स्थित ग्राम कोड़िया में दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 को भारतीय स्टेट बैंक को लूट से बचाने के क्रम में इसुआपुर थानाध्यक्ष को अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पुलिस ओ0पी0 स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2554. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड अन्तर्गत शिवपुर पंचायत के गोरा ग्राम में कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के उक्त ग्राम में कबतक कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2555. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के वीरनगर पश्चिम पंचायत के ग्राम-वीरनगर में वीरनगर हाट से दक्षिण खाता नं0 1024, खेसरा नं0 1046, 1314, रकबा 6 एकड़ कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान की भूमि का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*2556. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड के कोलसो खुर्द, ठाकुरबाड़ी मंदिर एवं राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर का चहारदीवारी का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मंदिरों की चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

लाभ देना

*2557. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर थाना स्थित दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 को भारतीय स्टेट बैंक, शाम कोड़िया को अपराधियों द्वारा लूटने का प्रयास किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बैंक लूट को बचाने के क्रम में स्थानीय थानाध्यक्ष श्री संजय तिवारी को अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त थानाध्यक्ष की हत्या के 2 साल 3 महीना बीते जाने के उपरान्त भी उनके आश्रित को न तो अनुकम्पा के आधार पर नौकरी मिली है और न ही किसी प्रकार का आर्थिक लाभ दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त थानाध्यक्ष के आश्रित को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी एवं अन्य आर्थिक लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उद्योग लगाना

*2558. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले में एक भी सरकारी उद्योग नहीं रहने के कारण यहाँ से बड़ी तादाद में युवाओं का पलायन रोजगार की तलाश में दूसरे प्रदेशों में होता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किशनगंज जिले में जूट उद्योग लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पेंशन की राशि बढ़ाना

*2559. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई थाना अन्तर्गत औराई ग्राम निवासी श्री लाल बाबू सिंह दिनांक 1 अक्टूबर, 1975 से 4 मार्च, 1976 में D.I.R. (1) के अन्तर्गत खुदी राम बोस केन्द्रीय कारा में बन्द किये गये थे और पुनः दिनांक 6 जनवरी, 1977 से 1 मार्च, 1977 तक खुदी राम बोस केन्द्रीय कारा में रखे गये थे, इस प्रकार श्री सिंह को जे0 पी0 आन्दोलन में 6 माह 11 दिन करावास में रखा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जे0 पी0 आन्दोलन में 6 माह से अधिक जेल में बन्द रहने वाले को 10,000 रु0 पेंशन दिया जाता है, जबकि श्री सिंह को 5,000 रु0 पेंशन भुगतान किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री सिंह को पेंशन राशि 5 हजार रु0 से बढ़ाकर 10 हजार रु0 प्रतिमाह कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बैंक की शाखा खोलना

*2560. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के लखना पंचायत के मजगाँवा बाजार की आबादी 5,000 से अधिक होने के बावजूद कोई सरकारी बैंक नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मजगाँवा बाजार में सरकारी बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बैंक की शाखा खोलना

*2561. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के लकड़ी नबीगंज प्रखंड के मदारपुर बाजार में 500 से अधिक व्यापारी अपना व्यापार करते हैं तथा उक्त बाजार में बैंक की कोई शाखा स्थापित नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाजार में बैंक की शाखा कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2562. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड के श्रीखण्डी भिठ्ठा पूर्वी पंचायत के ग्राम-श्रीखण्डी भिठ्ठा मुस्लिम टोल में कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ओ0 पी0 खोलना

*2563. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अंतर्गत फुलवार दक्षिण पंचायत के ग्राम-फुलवार में पुलिस ओ0 पी0 नहीं रहने के कारण पुलिस प्रशासन को प्रशासनिक कार्यों में कठिनाई होती है, क्योंकि बंजरिया थाना से फुलवार ग्राम की दूरी 18 कि0 मी0 है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुलिस ओ0 पी0 खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आरक्षण देना

*2564. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारतीय संविधान की अनुच्छेद 46 के अनुसरण में तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय कर्पूरी ठाकूर ने सन् 1970 में पसमान्दा मुसलमानों को तीन प्रतिशत आरक्षण दिया था, जिसका अनुपालन अबतक नहीं हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुच्छेदानुसार देश के अन्य राज्य यथा केरल में 12 प्रतिशत, तमिलनाडु में 3.5 प्रतिशत, आन्ध्र प्रदेश में 4 प्रतिशत आरक्षण पसमान्दा मुसलमानों को दिया जा चुका है, जबकि बिहार में केवल 1 प्रतिशत ही आरक्षण दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वर्णित केरल के आरक्षण को दृष्टि पथ में रखते हुये बिहारी मुस्लिम पसमान्दा तबके को कबतक 12 प्रतिशत आरक्षण देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

बैंक की शाखा खोलना

*2565. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर की आबादी 1.5 लाख पर बैंक की दो शाखा है एवं बिथान की आबादी 1.20 लाख पर एक बैंक की शाखा होने के बावजूद ग्राहकों की संख्या अधिक होने के कारण महिला ग्राहकों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थानों पर बैंक की एक-एक और शाखा कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पुलिस चौकी खोलना

*2566. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहनपुर प्रखण्ड के ग्राम-सिन्दुगढ़ में पुलिस चौकी 1989 से 2010 तक कार्यरत था, जिसे अब बंद कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिन्दुगढ़ से मोहनपुर थाना की दूरी 15 कि० मी० है एवं उक्त क्षेत्र नक्सल प्रभावित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुनः पुलिस चौकी खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

उद्योग केन्द्र की स्थापना

*2567. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के चकाई विधान-सभा का अधिकांश क्षेत्र पहाड़ी एवं जंगली है, उक्त क्षेत्र के गरीब-गुरूबा लोग सखुआ के पत्ता को तोड़कर पत्तल, विन्दा आदि बनाकर अपना जीवन-यापन करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गरीबों के कल्याण हेतु पत्तल, विन्दा बनाने हेतु उक्त क्षेत्र में लघु उद्योग केन्द्र नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चकाई में उक्त वस्तुओं के निर्माण आधारित लघु उद्योग केन्द्र की स्थापना कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2568. <u>श्री लक्ष्मेश्वर राय</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत लौकही प्रखंड के नरहिया ग्राम एवं खुटौना प्रखंड के घोर मोहना ग्राम में स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2569. <u>श्री ललन पासवान</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत शिवसागर प्रखंड के परवनारी एवं मदैनी गाँवों में मुस्लिम समुदाय के लोग निवास करते हैं तथा वहाँ के कब्रिस्तान की घेराबंदी अभीतक नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव के कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

थाना भवन का निर्माण

*2570. <u>श्री मनोहर प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत 1972 में बने अमदाबाद थाना का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त थाना भवन का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सम्मिलित करना

*2571. <u>श्री प्रभुनाथ प्रसाद</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी थाना की सीमा मात्र ½ कि० मी० की दूरी पर है एवं अधिकांशतः भाग चरपोखरी थाना का है, जो गड़हनी पंचायत में पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गड़हनी थाना में कोई भी घटना घटित हो जाने के बाद सीमा के चलते चरपोखरी थाना भेजा जाता है, जबकि गड़हनी से चरपोखरी थाना की दूरी 10 कि० मी० है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गड़हनी पंचायत को गड़हनी थाना में सम्मिलित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

चिकित्सा भत्ता देना

*2572. <u>श्री विजय कुमार सिन्हा</u>--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार एवं झारखण्ड सरकार के पेंशनधारियों को 500 रुपये चिकित्सा भत्ता दिनांक 1 जनवरी, 2016 से मिल रहा है, जबकि बिहार राज्य के पेंशनधारियों को मात्र 200 रुपया चिकित्सा भत्ता मिलता है, यदि हाँ, तो सरकार बिहार राज्य के पेंशनधारियों को 500 रुपया चिकित्सा भत्ता देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पेंशन का भुगतान

*2573. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्यकर्मी की पेंशन प्रारम्भ होने के पूर्व मृत्यु होने पर उसके आश्रित को पेंशन स्वीकृत किये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जे०पी० सम्मान योजना के तहत पेंशन के हकदार श्री मोहन कुमार सिन्हा, पिता स्व० कृष्णा प्रसाद सिंह, चित्रगुप्त नगर, थाना-सहरसा, जिला-सहरसा की मृत्यु पेंशन प्रारम्भ होने के पूर्व ही हो गयी ;

(3) क्या यह बात सही है कि स्व० सिन्हा की आश्रित विधवा श्रीमती मीरा देवी, आवेदन आई०डी० जे०पी० 201049122 को पाँच वर्षों से अधिक बीत जाने के बावजूद जे०पी० सम्मान पेंशन का भुगतान प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जे०पी० सम्मान पेंशन योजना के तहत उनके आश्रित को पारिवारिक पेंशन का भुगतान करने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

------

मानदेय का भुगतान

*2574. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के सभी प्रखंड/अंचलों में लोक सेवा अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत तत्काल सेवा काउन्टर पर कार्यपालक सहायक कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तत्काल सेवा काउन्टर पर कार्यरत इन कार्यपालक सहायकों का मानदेय भुगतान पिछले दस माह से नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन कार्यपालक सहायकों का बकाया मानदेय का भुगतान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

बैंक की शाखा खोलना

*2575. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावां प्रखण्डान्तर्गत ग्राम पंचायत नोआवां की आबादी 5 हजार से ऊपर रहने के बावजूद भी वहाँ बैंक की कोई शाखा नहीं रहने के कारण आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नोआवां ग्राम में बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2576. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखंड के हजरते जन्दाहा पुरानी बाजार स्थित कब्रिस्तान एवं बसंतपुर पंचायत अन्तर्गत पानापुर, बटेश्वरनाथ ग्राम स्थित रामनाथ सिंह के बथान के निकट की कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

प्रतिमा लगाना

*2577. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर विधान-सभा क्षेत्र बिहार विभूति डॉ० अनुग्रह नारायण का कर्म क्षेत्र रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बिहार विभूति की प्रतिमा उनके कार्य क्षेत्र में लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2578. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि M.S.D.P. योजनान्तर्गत समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड के शाहपुर बघौनी पंचायत स्थित मदरसा इस्लामिया के प्रांगण में वित्तीय वर्ष 2014-15 में अतिरिक्त वर्ग 22X18', लाइब्रेरी हॉल 30'X20' के निर्माण हेतु 14,96,000 रु० का प्राक्कलन बनाकर योजना विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पटना को स्वीकृति हेतु जून, 2015 में भेजा गया है, परन्तु अभीतक क्रियान्वयन नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजनान्तर्गत उक्त प्रांगण में अतिरिक्त वर्ग एवं लाइब्रेरी हॉल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सम्मिलित करना

*2579. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत कुछिला थाना कैमूर जिला से संचालित होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गृह विभाग के ज्ञापांक 2/थाना 10-12/2016 गृ०आ० 234, दिनांक 12 जनवरी, 2017 के द्वारा रोहतास जिला के कोचस प्रखंड अंतर्गत कुछिला एवं गारा पंचायत के 13 गाँवों को कुछिला थाना से हटाकर कोचस थाना में सम्मिलित कर लिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि कोचस थाना की दूरी अधिक रहने के कारण ग्रामीणों को प्रशासनिक कार्य तथा पुलिस को अपराध नियंत्रण में कठिनाई होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुछिला एवं गारा पंचायत को कुछिला थानान्तर्गत करते हुये कुछिला थाना को रोहतास जिला में सम्मिलित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्थानान्तरण करना

*2580. श्री अशोक कुमार सिंह (203)--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कर्तव्य के दौरान मुठभेड़ में शहीद हुये पुलिसकर्मियों के विधवाओं एवं बच्चों को हर संभव सहयोग करने की घोषणा सरकार द्वारा विगत् पाँच वर्षों से प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी, और 15 अगस्त को किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शहीद पुलिसकर्मियों की विधवाएँ श्रीमती सुनीता सिंह, श्रीमती निर्मला देवी अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त होकर पुलिस मुख्यालय, आरा में लेखोत्तीर्ण लिपिक के पद पर एवं अन्य जिला पुलिस मुख्यालय में इस प्रकार के कर्मी लिपिक के पद पर कार्यरत हैं उनके द्वारा अपना इलाज, बच्चों के शिक्षा सहित अन्य कारणों से स्थानान्तरण हेतु पुलिस मुख्यालय में बार-बार आवेदन समर्पित करने के बावजूद स्थानान्तरण नहीं किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त घोषणा के आलोक में शहीद के विधवाओं द्वारा स्थानान्तरण से संबंधित दिये गये आवेदन के आधार पर स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

क़ब्रिस्तान की घेराबंदी

*2581. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के नेटुआपाड़ा पंचायत के नेटुआपाड़ा मदरसा के निकट स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

टैक्स की चोरी पर रोक

*2582. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कटिहार जिला में झारखण्ड एवं बंगाल से 50-60 टन लदी हुई ओभर लोडेड ट्रकें जिन्हें एन०एच० 34 से होकर एन०एच० 31 से आनी चाहिये वो टैक्स एवं चुंगी की चोरी की नियत से बंगाल के कुशिधा होते हुये बिहार के कटिहार जिला के सनकोला, नया टोला, बेलवा, रक्ताहार के ग्रामीण सड़क को रौंदती हुई प्रवेश कर जाती है, जिसके कारण ग्रामीण सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं तथा राज्य को टैक्स एवं चुंगी से मिलनेवाली राजस्व का भी नुकसान हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ऐसे वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाकर वाहन मालिकों को दंडित करते हुये टैक्स व चुंगी की चोरी पर कबतक रोक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2583. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुप्पा प्रखण्ड के ग्राम-उतलीबारा, ग्राम पंचायत-उतलीबारा में स्थित कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बैंक की शाखा खोलना

*2584. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के कुमारखण्ड प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत रोता के ग्राम-गोपालपुर की आबादी 6,000 (छः) हजार होने के बावजूद किसी भी बैंक की शाखा नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में सरकारी बैंक की शाखा कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अग्निशामक केन्द्र की स्थापना

*2585. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014 में सरकार द्वारा प्रत्येक प्रखण्ड मुख्यालय में एक-एक अग्निशामक केन्द्र खोलने का नीतिगत फैसला लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत सकरा विधान-सभा क्षेत्र के मुरौल एवं सकरा प्रखण्ड में प्रत्येक वर्ष अगलगी की घटना घटित होने पर अग्निशामक केन्द्र नहीं रहने के कारण काफी जान-माल की क्षति होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में एक-एक अग्निशामक केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि का भुगतान

*2586. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ईख अधिनियम 1981 के तहत किसानों को 14 दिनों के अन्दर गन्ना की राशि का भुगतान करने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि रिगा चीनी मिल सीतामढ़ी द्वारा वर्ष 2016-17 में दिसम्बर, 2016 से 10 फरवरी, 2017 तक क्रय की गई गन्ना की राशि 41 करोड़ 85 लाख 41 हजार रुपया का भुगतान अबतक किसानों को नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किसानों को बकाये राशि का भुगतान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2587. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के सोन्था, महादेवदिघि थाना नं० 275, खाता 829, खेसरा 98 में अवस्थित सरकारी कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

बैंक की शाखा खोलना

*2588. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखण्ड के पंचायत गौरा, रामपुर तथा बियारपुर गाँव में सरकारी बैंक की शाखा नहीं है, जबकि उक्त पंचायत के गाँवों की आबादी 6 हजार से अधिक है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में बैंक शाखा खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रतिमा लगाना

*2589. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोटवा प्रखण्ड के जसौली पट्टी निवासी स्वर्गीय बाबू लोमराज सिंह चम्पारण सत्याग्रह आन्दोलन के सूत्रधार थे;

(2) क्या यह बात सही है कि 16 अप्रील, 1917 को महात्मा गाँधी जी को किसानों की समस्या से अवगत कराने के लिये मोतिहारी से जसौली पट्टी बुलाकर ले जाने के क्रम में चन्द्रहिया में गाँधी जी की गिरफ्तारी हो गई;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चम्पारण सत्याग्रह वर्ष के अवसर पर आजादी आन्दोलन के सूत्रधार बाबू लोमराज सिंह की आदमकद प्रतिमा मोतिहारी स्टेशन तथा जसौली पट्टी में कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

उद्योग चालू करना

*2590. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014-15 में BIADA के तहत बक्सर जिला के औद्योगिक क्षेत्र में लगे लघु और कुटीर उद्योग मृतप्राय हो गयी हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े उद्योग को पुनः कबतक चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सुविधा उपलब्ध कराना

*2591. श्री तारकिशोर प्रसाद--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 फरवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''जर्जर बैरक में रह रहे पुलिस के जवान'' ''सोने का बिस्तर कम, पानी का भी संकट'' के आलोक में क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार स्थित पुलिस लाइन में कुल 8 (आठ) बैरक हैं, लेकिन क्षमता से अधिक 300 पुलिस के जवान रह रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुलिस लाइन में अवस्थित पुलिस अस्पताल बंद है एवं जवानों के लिये पर्याप्त शौचालय की व्यवस्था नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुलिस लाइन में जवानों के रहने के लिये बुनियादी सुविधायें कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## यात्रा की अनुमान्यता

''घ'' *2592. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य कर्मियों के लिये लागू एल०टी०सी० सुविधा अन्तर्गत ई० टिकट पर रेल यात्रा तथा हवाई यात्रा करना अनुमान्य नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ई० टिकट पर राज्य कर्मियों को यात्रा अनुमान्य करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2593. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुप्पा प्रखण्ड के ग्राम-मियाँ बिगहा, ग्राम पंचायत-जगन्नाथपुर में स्थित कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## विराम भत्ता देना

*2594. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पुलिस महानिदेशक, बिहार के कार्यालय ज्ञापांक 51/लेखा, दिनांक 27 जनवरी, 2016 के अनुसार विधान मंडल के माननीय सदस्यों एवं अन्य गणमान्य महानुभाव के साथ संबद्ध अंगरक्षक पदस्थापन स्थल पर ठहराव के दौरान विराम भत्ता देय नहीं होगा;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के प्रशासनिक पदाधिकारी यथा डी०एम०, एस०पी०, एस०डी०एम०, एस०डी०पी०ओ० के साथ प्रतिनियुक्त अंगरक्षकों को विराम भत्ता पिछले 25 वर्षों से मिल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड (1) में वर्णित महानुभावों के साथ प्रतिनियुक्त अंगरक्षकों का विराम भत्ता नहीं देने का क्या औचित्य है ?

----------

## वाहन उपलब्ध कराना

*2595. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज पुलिस मुख्यालय में पेट्रोलिंग एवं विधि व्यवस्था हेतु वाहनों की कमी के कारण पेट्रोलिंग एवं स्कॉट में समस्या उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मुख्यालय में वाहन कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नोट-''घ'' सामान्य प्रशासन विभाग से वित्त विभाग में स्था० ।

गाड़ी उपलब्ध कराना

*2596. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला मुख्यालय में अग्निशामक केन्द्र पर आग बुझाने हेतु 2500 लीटर तथा 300 लीटर क्षमता की दो फायर ब्रिगेड गाड़ी मरम्मती के अभाव में खराब पड़ा हुआ है, जबकि मरम्मती आदेश दो वर्षों से राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, पटना के पास लम्बित है तथा उक्त केन्द्र में 5000 लीटर क्षमता की एक भी फायर ब्रिगेड गाड़ी नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जिला के उक्त केन्द्र में खराब पड़ी दोनों फायर ब्रिगेड गाड़ी की मरम्मती के अतिरिक्त एक पाँच हजार लीटर क्षमता की फायर ब्रिगेड गाड़ी कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती, है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना

*2597. श्री रवि ज्योति कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में बिहार मिलिट्री (B.M.P) के B.M.P 01, B.M.P.-05, B.M.P.-14, एवं B.M.P.-03 का मुख्यालय पटना शहर में अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के बिहार प्रखण्ड में तिउरी पंचायत एवं ततरावां पंचायत स्थित गाँवों में एक ही जगह पर 84 एकड़ एवं 66 एकड़ गैर-मजरूआ जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नालंदा जिला अन्तर्गत बिहार प्रखण्ड के तिउरी पंचायत एवं ततरावां पंचायत स्थित गैर-मजरूआ जमीन पर (B.M.P) गृह रक्षा वाहिनी का मुख्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2598. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के प्रखंड मधेपुर अन्तर्गत, गढ़गाँव पंचायत स्थित गोबरगढ़ा (खाता सं०-134/खेसरा सं०-794) और असुरगढ़ (खाता सं०-572/खेसरा सं०-102) कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचल अधिकारी, मधेपुर ने अपने पत्रांक 668, दिनांक 24 जून, 2016 के द्वारा जिला पदाधिकारी, मधुबनी को उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी हेतु प्रस्ताव भेजा था, जिसपर अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भवन का निर्माण

*2599. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के समापुर ओ०पी० में भवन नहीं रहने के कारण थाना कर्मियों को प्रशासनिक कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ओ०पी० में कबतक भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

चहारदीवारी का निर्माण

*2600. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गृह विभाग (विशेष शाखा) के संकल्प ज्ञापांक 8778, दिनांक 19 सितम्बर, 2016 अन्तर्गत "बिहार मंदिर चहारदीवारी निर्माण योजना" से रामजानकी ठाकुरवाड़ी (मखाना टोला), पुरानी बाजार, सिमरी-बख्तियारपुर (सहरसा) के चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मंदिर के चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2601. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर स्थित बूढ़ानाथ मंदिर में सैकड़ों वर्षों से रहने वाले पंडितजनों की कोठरियों को जोर-जबरदस्ती और गैर-कानूनी ढंग से बाह्य लोगों के द्वारा खाली कराये जाने से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी, भागलपुर को अक्टूबर, 2016 में दिया गया था, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उनके सुरक्षा एवं रहने की व्यवस्था के लिये कौन सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2602. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत दरौंदा प्रखंड के ग्राम-कोराड़ी कला, कब्रिस्तान, जिसका खाता संख्या 291, प्लॉट नं० 520, 521, रकबा 02, बिगहा 01, कट्ठा 03 धूर है, की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अग्निशामक दस्ता स्थापित करना

*2603. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मुरलीगंज एवं ग्वालपाड़ा प्रखण्ड मुख्यालय में अग्निशामक दस्ता नहीं रहने के कारण उक्त प्रखण्ड में लगने वाली आग को बुझाने हेतु 30 कि०मी० तथा 15 किलो मीटर दूरी पर स्थित उदाकिशुनगंज प्रखण्ड मुख्यालय से अग्निशामक दस्ता को आना पड़ता है, जिससे जान-माल की क्षति होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मुरलीगंज एवं ग्वालपाड़ा प्रखण्ड मुख्यालय में अग्निशामक दस्ता स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि का भुगतान

*2604. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखण्ड के जाले उत्तरी पंचायत अंतर्गत जाले सर्कल मुहल्ला (मुसहरी टोल) के राम सेवक सदा की पुत्री संजु कुमारी को दिनांक 5 फरवरी, 2016 को तेजाब डालकर चेहरा बुरी तरह जला दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा की राशि 4 लाख रु० में से मात्र 1,90,000 (एक लाख नब्बे हजार) रुपये दिनांक 20 फरवरी, 2016 तक पीड़िता को मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष राशि उक्त पीड़िता को कबतक भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की पूर्ण घेराबंदी

*2605. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के बरियारपुर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत बरियारपुर टोले मलिकाना कब्रिस्तान एवं बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के प्रेमनगर कोदरकट्टा कब्रिस्तान की अधूरा घेराबन्दी हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों कब्रिस्तान की पूर्ण घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## जलस्रोत की कमी दूर करना

*2606. <u>श्री तारकिशोर प्रसाद</u> हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 27 फरवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''30 (तीस) लाख की आबादी पर मात्र 12 (बारह) दमकल कर्मी भी है कम'' के आलोक में क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में 30 लाख की आबादी में एक वर्ष में औसतन 50 अगलगी की घटना घटती है तथा मात्र 6 बड़ी एवं 6 छोटी दमकल कटिहार स्थित शरीफगंज अग्निशमन कार्यालय में उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर स्थित अग्निशमन कार्यालय एक जर्जर भवन में किराये पर चल रहा है एवं दमकल के लिये स्थायी जल स्रोत का कोई साधन नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अग्निशमन सेवा को बेहतर करने के लिये उक्त भवन का निर्माण एवं जल स्रोत की कमी को दूर करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## चहारदीवारी का निर्माण

*2607. <u>श्री राम विलाश पासवान</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पुलिस लाइन, भागलपुर एवं पुलिस थाना, बाराहाट की चहारदीवारी नहीं रहने के कारण पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी असुरक्षित महसूस करते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुलिस लाइन और पुलिस थाना की चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## बैंक की शाखा खोलना

*2608. <u>श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के बसंतपुर प्रखंड में शहर कोला बाजार में बैंक की कोई भी शाखा नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाजार में बैंक की शाखा कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## बैंक की शाखा खोलना

*2609. <u>श्रीमती समता देवी</u> क्या मंत्री, वित्त विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहनपुर प्रखंड के अमकोला ग्राम की आबादी 10 (दस) हजार होने के बावजूद बैंक की कोई शाखा नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव मे सरकारी बैंक की शाखा कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## तौल मशीन चालू करना

*2610. <u>श्री शमीम अहमद</u> क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानों प्रखंड में रेलवे स्टेशन के नजदीक 50 वर्ष पूर्व में गन्ना तौल मशीन स्थापित किया गया था, परन्तु 3 वर्ष से गन्ना तौल मशीन बंद रहने के कारण गन्ना किसानों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मशीन को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2611. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के खरसाही पंचायत के ग्राम-पलार टोला खरसाही, तौजी नं0 1315, थाना नं0 86, खाता नं0 598, खेसरा नं0 215, रकबा 1 एकड़ कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान की भूमि का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2612. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड में स्थित श्रीनगर थाना में पुलिस को रहने हेतु आवासीय भवन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार श्रीनगर थाना के पुलिस कर्मियों को रहने हेतु आवासीय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्पेशल इकॉनोमी जोन स्थापित करना

*2613. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला बाढ़ग्रस्त प्रभावित क्षेत्र रहने के कारण उद्योगपतियों को यहाँ बड़े उद्योग लगाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार मधुबनी जिला में स्पेशल इकॉनोमी जोन स्थापित कर निवेश के लिये उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2614. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सरमेरा थाना भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2013-14 से अधूरा पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधूरे थाना भवन का निर्माण कार्य कबतक पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2615. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाच्छ प्रखंड के मतियारी पंचायत के मतियारी कब्रिस्तान एवं बैशाटोली कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

ऋण उपलब्ध कराना

*2616. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखंड अधीन रंगपूरा ग्राम निवासी आकिब हुसैन, पिता आफाक हुसैन, जमीरूल इसलाम, पिता मुरसलीन तथा इसरत आरा पति असलम द्वारा मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजनान्तर्गत ऋण हेतु वित्तीय वर्ष 2014-15 में आवेदन दिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा उपरोक्त तीनों लाभार्थी की ऋण स्वीकृत कर एकरारनामा दिनांक 9 जुलाई, 2016 को किये जाने के बावजूद ऋण मुहैया नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कर तीनों लाभार्थियों को ऋण कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पेंशन की राशि बढ़ाना

*2617. श्री अशोक कुमार सिंह (203)--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गृह विभाग के संकल्प संख्या 111, दिनांक 5 जून, 2009 में आंशिक संशोधन कर दिनांक 1 अगस्त, 2015 के प्रभाव से जे0पी0 सेनानियों को पेंशन दोगुना कर 5,000 रु0 एवं 10,000 रु0 पेंशन एवं पेशनरों की मृत्युपरान्त उनके पति/पत्नी को उसी दर पर पेंशन सुविधा देने संबंधी निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार की तरह दूसरे राज्य में यथा गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में जे0पी0 पेंशन योजना लागू है तथा वहाँ जे0पी0 सेनानियों को 25,000 रुपया पेंशन दिया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित राज्यों की तरह बिहार राज्य के जे0पी0 सेनानियों को पेंशन की राशि में बढ़ोत्तरी करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2618. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत तेघड़ा बंगाली टोला की कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2619. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया प्रखंड के धमौरा पंचायत के कालाबरवाँ ग्राम में स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लोगो धारित कराना

*2620. श्री रवि ज्योति कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में पुलिस अवर निरीक्षक को प्रोन्नति देकर पुलिस निरीक्षक में पदस्थापित किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रोन्नति दिये गये पुलिस निरीक्षक नीली लाइन यार्ड एवं एक स्टार एवं बी0पी0 (B.P.) लोगो धारण करते है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पूर्व में पुलिस निरीक्षक 3 स्टार धारण करते थे ;

(4) क्या यह बात सही है कि उड़ीसा, बंगाल एवं कर्नाटक राज्यों में पुलिस निरीक्षक 3 स्टार, ब्लू लाइन यार्ड एवं 3 स्टार का लोगो लगाते है ;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुलिस निरीक्षक को 3 स्टार, ब्लू लाइन यार्ड एवं बी0पी0 (B.P.) का लोगो धारित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 27 मार्च, 2017 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 149-डी0टी0पी0-500